भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 999

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2024

सोमवार, 7 श्रावण, 1946 (शक)

प्रवासी कामगारों के लिए कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रम

999. श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रवासी कामगारों के कौशल मापने का कार्य आरम्भ कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने प्रवासी कामगारों के लिए कोई विशिष्ट कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपनी प्रमुख स्कीम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत कोविड-19 से प्रभावित वापस लौटने वाले प्रवासी/श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिए एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया था।

(ख और ग) गरीब कल्याण रोजगार अभियान (जीकेआरए) की शुरुआत 20 जून 2020 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य अपने गृह राज्यों में वापस लौटने वाले प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना था। जीकेआरए की तर्ज पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई 2.0) 2016-2020 के केंद्र प्रायोजित और केंद्र प्रबंधित (सीएससीएम) घटक के अंतर्गत मांग-आधारित कौशलीकरण/उन्मुखीकरण का काम शुरू किया।

पीएमकेवीवाई सीएससीएम-एसटीटी के अंतर्गत जीकेआरए कवरेज 6 राज्यों बिहार, असम, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में था। जिला समिति से प्राप्त जानकारी के आधार पर, अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और कौशलोंन्नयन और पुनर्कौशलीकरण (आरपीएल) के तहत लक्ष्य आवंटित किए गए थे। आरपीएल परियोजना ने प्रवासी श्रमिकों को प्रमाणित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जिनके पास अपने राज्यों के भीतर या बाहर बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए उसी ट्रेड में अनुभव था। इस पहल के अंतर्गत कुल 1,25,806 लोगों को प्रशिक्षित किया गया और 1,03,510 लोगों को प्रमाणित किया गया।

*****